बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–800 001

(पंजीयन सं०–633/2003)

Website: basabihar.in , E-mail Id : infobasa1@gmail.com

अध्यक्ष,
*सुरेश कुमार शर्मा
मो० 9473191199, 9431479774

महासचिव,
*सुशील कुमार
मो० 9431091417

उपाध्यक्ष :- * सआदत हसन मिन्टो
* राजेन्द्र राम

संयुक्त सचिव:- * राजचन्द वार्डियार
* अनिल कुमार

कोषाध्यक्ष:- * चन्द्र शेखर सिंह

संयुक्त कोषाध्यक्ष:- * विनोद आनन्द

पत्रांक : 15 दिनांक 2/3/2012

सेवा में,

प्रधान सचिव,
सामान्य प्रशासन विभाग,
बिहार, पटना।

विषय:- लैपटॉप प्रशिक्षण एवं क्रय के संबंध में।

महाशय,

उपरोक्त विषयक सामान्य प्रशासन विभाग के पत्रांक-13660 दिनांक-15.12.11 द्वारा लैपटॉप क्रय के पूर्व प्राशिक्षण एवं प्रमाण पत्र लेने का शर्त्त लगाया गया है। इसमें जो प्रगति नजर आ रही है वह बहुत अच्छी नहीं दिख रही है। दोनों प्रक्रिया के कारण वि0प्र0से0 के सदस्यों द्वारा लैपटॉप क्रय किये जाने की संख्या नगण्य ही है।

विभाग द्वारा लैपटॉप दिये जाने का संघ स्वागत करती है लेकिन गति लाने की दिशा में संघ का अनुरोध है कि प्रशिक्षण/प्रमाण पत्र की प्रक्रिया को सरल बनाया जाय ताकि वि.प्र.से. के सदस्य इसका लाभ शीघ्रता से उठा सके। इस हेतु संघ का सुझाव होगा कि प्रशासकीय प्रशिक्षण संस्थान, बाल्मी में साप्ताहिक/पाक्षिक प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाय एवं वही पर प्रशासकीय प्रशिक्षण संस्थान बाल्मी द्वारा कोई प्रक्रिया अपना कर यथोचित प्रमाण पत्र निर्गत किया जाय ताकि पदाधिकारी द्वारा लैपटॉप जल्द से जल्द क्रय किया जा सके।

सामान्य प्रशासन विभाग के पत्रांक-429 दिनांक-23.06.11 द्वारा लैपटॉप का विशिष्टियाँ निर्धारित किया गया है। जिसका अधिकतम मूल्य ₹60,000/- (साठ हजार) निर्धारित किया गया है। ज्ञात हुआ है कि इस विशिष्टियाँ का लैपटॉप का दाम बाजार में करीब ₹80,000/- (अस्सी हजार)रू० है। इस प्रकार बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी को लैपटॉप देने की विभाग की मंशा पूरी नहीं हो रही है। अत: इसमें भी संशोधन की आवश्यकता प्रतीत होता है।

विश्वासभाजन

(सुशील कुमार)
महासचिव

ज्ञापांक- 15 दिनांक- 2/3/2012

प्रतिलिपि:- अपर मिशन निदेशक, प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं अनुरोध है कि उपरोक्त बिन्दु पर अपने स्तर से भी यथोचित कार्रवाई की जाय।

(सुशील कुमार)
महासचिव